an>

Title: Need to open a central school in Surendranagar Parliamentary Constituency in Gujarat.

श्री देवजीभाई गोविंदभाई फतेपारा (सुरेन्द्रनगर): माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपको धन्यवाद देता हूँ कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया।

माननीय अध्यक्ष जी, गुजरात में सुरेन्द्रनगर मेरा चुनाव क्षेत्र है। यहाँ 7 विधायक हैं और 17 लाख मतदाता हैं। भारत में सबसे ज्यादा नमक मेरे सुरेन्द्रनगर में अगरिया में बनाते हैं। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को कहना चाहता हूँ कि जो अगरिया है, वहाँ के बच्चों के पढ़ने के लिए एक कृषि केन्द्र खोलने की मेरी विनती है। मेरी दूसरी विनती है कि यहाँ सभी तरह के ट्रांसलेटर होते हैं, कोई उर्दू में बोलता है, कोई हिन्दी में बोलता है, कोई इंग्लिश में बोलता है। गुजराती हमारी मातृभाषा है। मैं चाहूँगा कि अगली बार जब हमें बोलने का मौका मिलेगा तो उसके पहले आप यहाँ ट्रांसलेशन करने के लिए दो गुजराती इंटरप्रैटर रख लीजिए, यह मेरी विनती है।

माननीय अध्यक्ष : श्री चन्द्र प्रकाश जोशी, श्री रामचरण बोहरा एवं कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री देवजीभाई गोविंदभाई फतेपारा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।